## ब्रीफ न्यूज

### कलेक्टर को भेंट किया प्रशस्ति पत्र और मेडल

**रीवा, स्वतंत्रमत।** पूर्व सैनिकों के कल्याण के लिए रीवा जिले द्वारा सशस्त्र सेना झण्डा दिवस कोष में निर्धारित लक्ष्य से अधिक सहयोग राशि देने पर राज्यपाल श्री मंगूभाई पटेल द्वारा कलेक्टर रीवा को सम्मानित किया गया। राज्यपाल द्वारा प्रदत्त प्रशस्ति पत्र एवं मेडल कलेक्टर कार्यालय में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल को जिला सैनिक कल्याण अधिकारी सेवानिवृत्त लेफ्टिनेंट जनरल पी. गंगा ने भेंट किया। रीवा जिले के लिए 8 लाख 88 हजार 800 रुपए का लक्ष्य निर्धारित किया गया था। रीवा जिले में वर्ष 2023 में 8 लाख 90 हजार 198 रुपए की सहयोग राशि सैनिक कल्याण कोष में जमा की गई।

### कलेक्टर ने की राज्य पीएससी के अधिकारियों की पदस्थापना

**रीवा।** कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने प्रशासनिक कार्य सुविधा की दृष्टि से जिले में पदस्थ राज्य प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों की पदस्थापना आदेश जारी किये हैं। पी.के. पाण्डेय संयुक्त कलेक्टर को एसडीएम सिरमौर/सेमरिया बनाया गया है जबकि पी.एस. त्रिपाठी संयुक्त कलेक्टर एवं एसडीएम रायपुर कर्चुलियान/मनगवां को एसडीएम त्योंथर बनाया गया है। इसी प्रकार संजय जैन एसडीएम त्योंथर अब एसडीएम रायपुर कर्चुलियान/मनगवां होंगे तथा राजेश सिन्हा डिप्टी कलेक्टर एवं एसडीएम सिरमौर/सेमरिया को कलेक्टर कार्यालय पदस्थ किया गया है।

### नवोदय विद्यालय में कक्षा 6 में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित

**रीवा।** पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय सिरमौर में शिक्षा सत्र 2026-27 में कक्षा 6 में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया 31 मई से प्रारंभ हो चुकी है। ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 29 जुलाई निर्धारित की गई है। इच्छुक विद्यार्थी किसी भी ऑनलाइन सेंटर अथवा मोबाइल के माध्यम से प्रवेश परीक्षा के लिए आवेदन कर सकता है। इस संबंध में विद्यालय के प्राचार्य मनीष तिवारी ने बताया कि विद्यार्थी को रीवा अथवा मऊगंज जिले के शासकीय विद्यालय अथवा मान्यता प्राप्त अशासकीय विद्यालय में कक्षा 5 में अध्ययरत एवं रीवा अथवा मऊगंज जिले का निवासी होना चाहिए। विद्यार्थी ने कक्षा 3 और 4 की निरंतर पढ़ाई शासकीय अथवा मान्यता प्राप्त अशासकीय विद्यालय से पूर्ण शिक्षण सत्र में उत्तीर्ण की हो तथा वर्तमान में कक्षा 5 में अध्ययनरत हो। विद्यार्थी 29 जुलाई तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। कक्षा में आगामी सत्र में प्रवेश के लिए प्रवेश परीक्षा 13 दिसम्बर को रीवा और मऊगंज जिले के सभी विकासखण्ड मुख्यालय में आयोजित की जाएगी। इसके आधार पर तैयार मेरिट सूची के अनुसार विद्यार्थियों को कक्षा 6 में प्रवेश दिया जाएगा। इस संबंध में अन्य जानकारियाँ और विवरण नवोदय डॉट जीओभी डॉट इन लिंक पर भी प्राप्त की जा सकती हैं। इसका आवेदन पत्र वेबसाइट सीबीएसईआईटीएमएस डॉट आरईआईएल डॉट जीओभी डॉट इन पर किया जा सकता है।

# धूल, कचरा, खटारा वाहन दे रहे प्रदूषण को बढ़ावा

**फिलहाल शहर में हवा मध्यम प्रदूषित है, फेस मास्क लगाने के साथ वायु शुद्धिकरण यंत्र का प्रयोग करने की आवश्यकता**


फाइल फोटो

**रीवा, स्वतंत्रमत।** शहर में धूल, जगह-जगह जमा कचरा व खटारा वाहन प्रदूषण को लगातार बढ़ावा दे रहे हैं। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के आंकड़ों के अनुसार फिलहाल रीवा शहर में हवा की गुणवत्ता मध्यम प्रदूषित है। जो आज 2+ सिगरेट पीने के बराबर है। यानी इस स्थिति में शहरवासियोंको फेस मास्क लगाने के साथ ही वायु शुद्धिकरण यंत्र का प्रयोग करने की आवश्यकता है। यदि इस पर नियंत्रण नहीं किया गया तो यह खतरा और भी बढने् की आशंका है। जिम्मेदार प्रदूषण को बढ़ावा देने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे। वायु प्रदूषण के साथ ही शहरवासी ध्वनि प्रदूषण भी झेल रहे हैं। प्रदूषण को नियंत्रित करने भी शासन-प्रशासन कोई कारगर कदम नहीं उठा रहा। शहरवासी आज से नहीं अपितु लंबे समय से धूल, गंदगी से परेशान हैं। वर्तमान स्थिति यह है कि एकाध क्षेत्र को छोड़ दें तो बाकी के क्षेत्रों के लोग धूल से परेशान हैं। जिसे इस वर्ष और भी बढ़ावा दिया गया, शहर भर के वार्ड मोहल्लों में सीवरेज लाइन डालने सडक़ों का खनन कर दिया गया, सडक़ें नहीं बनी जिससे वार्ड, मोहल्ले भी धूल से अछूते नहीं रहे। शहर के प्रमुख मार्गों में शासकीय, अशासकीय निर्माण कार्य चल रहे हैं, निर्माण सामग्री रेत, गिट्टी, ईंट आदि सडक़ किनारे ही रख दी जाती है जो निर्माण होने के बाद भी यहीं पड़ी रहती है, जो वाहन के पहियों से उड़ती रहती है। शहर में सिरमौर चौराहे से अमहिया रोड, करहिया मण्डी से लगाकर ढेकहा तक, कॉलेज चौराहा, जय स्तंभ से अस्पताल चौराहा क्षेत्र में धूल के गुबार उड़ते रहते हैं। इसके अलावा शहर के वार्ड व मोहल्लों की स्थिति से हर कोई वाकिफ है।

### कचरे के ढेर बढ़ा रहे प्रदूषण

शहर में कई वार्ड ऐसे हैं जहां से नियमित कचरा नहीं उठाया जाकर प्रदूषण का विस्तार करने का कार्य किया जा रहा है। कई वार्ड में सडक़ों के किनारे पड़ा कचरा सडने् के साथ दुर्गंध मारने लगता है। आवारा मवेशी व श्वान को फैला देते हैं। जबकि प्रत्येक वार्ड के हिसाब से निगम में कचरा वाहन मौजूद हैं, फिर भी कई वार्डवासी कचरे की दुर्गंध सहने को मजबूर हैं। जिसका एक उदाहरण देखा जा सकता है शहर के वार्ड 31 व 32 में, यहां के रहवासियों ने बताया कि दोपहर ढाई बजे कचरा वाहन आता है, वह भी नियमित कचरा उठाकर नहीं ले जाता, रहवासी कचरे की दुर्गंध से परेशान होते हैं।

### खटारा वाहनों की संख्या में हो रहा इजाफा

प्रदूषण को बढ़ावा देने के लिए कहीं न कहीं खटारा वाहन भी जिम्मेदार हैं। शहर में वर्षों पुराने खटारा वाहन बेधडक़ संचालित किए जा रहे हैं, जिनकी न तो कभी जांच की जाती है न ही कभी ऐसे वाहन चालकों पर कार्यवाही की जाती है। जिसके चलते खटारा वाहनों की संख्या दिन-प्रतिदिन बढ़ती जा रही है और इनके धुएं, ध्वनि से प्रदूषण को बढ़ावा मिल रहा है। वहीं ध्वनि प्रदूषण की बात करें तो शहर में शादी ब्याह व अन्य आयोजनों में बजने वाले डीजे, बैंड आदि पर ध्वनि का कोई नियंत्रण नहीं। कानफोड़ू डीजे आदि के साथ ही लाउड स्पीकर भी निर्धारित मानक के तेज आवाज में बजाए जा रहे हैं।

## नाला निर्माण का हुआ भूमिपूजन

**रीवा।** नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत वार्ड क्रमांक 9 सुंदर नगर ईव्हीएम रूम से लेकर पटेल हॉस्टल तक नाला निर्माण कार्य का भूमिपूजन वार्ड पार्षद श्रीमती विमला सिंह पुत्र सतीश सिंह की उपस्थित में वार्ड के वरिष्ठ नागरिक श्री समयराज सिंह के साथ उप मुख्यमंत्री के निज सचिव श्री राजीव तिवारी के कर कमलों से किया गया। नाली निर्माण कार्य अनुमानित लागत रू. 30.56 लाख है। नाली निर्माण कार्य संविदाकार मेसर्स कजिन इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोपराइटर शाहिल भल्ला के द्वारा कराया जाएगा। इस अवसर पर नगर निगम उपयंत्री रमेश सिंह, मंडल अध्यक्ष शिवम द्विवेदी, पूर्व पार्षद सतीश सिंह, वार्ड संयोजक राजेश मिश्रा, सीपी सेन, किशन मिश्रा सहित वार्ड के गणमान्य नागरिकगण मौजूद रहे।

## चाकू की नोंक पर युवक से लूट, फोन-पे पर रुपए ट्रांसफर कर नकदी भी लूटी

**दो आरोपी गिरफ्तार, बाइक जब्त**

**रीवा, स्वतंत्रमत।** ीवा के सिटी कोतवाली क्षेत्र में मंगलवार को चाकू की नोक पर लूट की वारदात हुई। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। भिटवा निवासी मान सिंह साकेत ने पुलिस को बताया कि निपनिया कालिका आईटीआई के पास कुछ अज्ञात व्यक्तियों ने अपनी बाइक उनकी बाइक के सामने लगाकर चाकू दिखाया और जबरन उनके मोबाइल से फोन पे के जरिए 5 हजार रुपए ट्रांसफर करा लिए। इसके अलावा उन्होंने जेब से 5 हजार रुपए नगद भी छीन लिए।

**बाइक, मोबाइल और 7,300 रुपए बरामद :** थाना प्रभारी श्रृंगेश राजपूत ने बताया कि तकनीकी जांच के आधार पर पुलिस ने नीलकंठ तिवारी (24) निवासी बड़ा गांव और अमित कुमार पांडेय (23) निवासी पांडेय टोला चुनहाई कुआं को हिरासत में लिया। पूछताछ में दोनों ने वारदात करना स्वीकार किया। पुलिस ने आरोपियों के पास से बाइक, मोबाइल और चाकू के साथ लूटी गई राशि में से 7,300 रुपए बरामद कर लिए हैं। दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया है।

## महापौर ने ली विभागीय समीक्षा बैठक

**रीवा।** महापौर श्री अजय मिश्रा ''बाबा'' ने दिनांक 2 जुलाई को नगर निगम कार्यालय में विभागीय समीक्षा बैठक ली। जिसमें निगम आयुक्त डॉ. सौरभ सोनवणे सहित संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। बैठक में महापौर ने विभिन्न विभागों की गतिविधियों एवं प्रगति की जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। वर्षा उपरांत सीवर एवं जल आपूर्ति पाइपलाइन बिछाने के कारण उत्पन्न हो रही समस्याओं तथा नागरिकों की शिकायतों पर तत्परता से समाधान करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि नालियों में मिट्टी भर जाने के कारण जल निकासी बाधित हो रही है, मैन्युअल लेबर के माध्यम से मिट्टी की सफाई कर नालियों को अवरुद्ध होने से रोका जाए एवं कार्य में सतर्कता बरती जाए। निर्माण कार्यों की समीक्षा करते हुए महापौर ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि अब ढोला पाइप से ड्रेनेज निर्माण हेतु एस्टीमेट तैयार कर कार्य प्रारंभ कराया जाने को कहा जिससे इस प्रणाली से ड्रेनेज सिस्टम अधिक उपयोगी सिद्ध हो सके। अवैध कॉलोनियों के विषय में चर्चा करते हुए उन्होंने ध्वस्तीकरण की कार्यवाही निरंतर जारी रखने के निर्देश दिए। साथ ही, कॉलोनी विकास नियमों के संबंध में शहर की श्रेणी के अनुसार नियम तैयार कर शासन को सुझाव भेजे जाने की आवश्यकता पर जोर दिया। महापौर ने शहर की स्वच्छता व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने की बात कही तथा कचरा उठाव की व्यवस्था को दुरुस्त करने एवं नियमित निगरानी के निर्देश दिए।

## बीच रास्ते में ऑटो खड़ा कर बुलाते हैं सवारियां

**ऑटो संचालक कर रहे मनमानी, बार-बार लगा रहे जाम**



**रीवा, स्वतंत्रमत।** शहर में संचालित होने वाले ऑटो चालक अपनी मनमानी से बाज नहीं आ रहे। सडक़ को घेर सवारियों का पुकारते हैं, यातायात विभाग द्वारा कार्यवाही किए जाने के बाद भी ऑटो चालकों में कोई सुधार देखने को नहीं मिल रहा। बीच सडक़ पर ऑटो खड़ा कर दिए जाने से बार-बार जाम लगता है, लेकिन इससे इन्हें कोई फर्क नहीं पड़ता। जबकि शहर के प्रमुख चौराहों पर ऑटो चालकों के लिए स्टैंड निर्धारित कर दिया गया है, इसके बाद भी स्टैंड को छोड़ सडक़ के दूसरे छोर में ऑटो खड़ा करते हैं। इसका प्रमाण बुधवार को सिरमौर चौराहे में देखने को मिला। सिरमौर चौराहे में सवारियों को पुकारते ऑटो चालकों ने बीच सडक़ पर ऑटो खड़े कर रखे थे, जिससे पीछे आ रहे वाहनों को निकलने के लिए जगह नहीं थी, वाहन चालक हॉर्न बजाते रहे, लेकिन ऑटो चालकों ने अपने ऑटो नहीं हटाए।

## नईगढ़ी में भ्रष्टाचार की खुली पोल, जांच में पाई गई कई गड़बड़ियां

**24 लाख 95 हजार की लागत से बनने बाली सड़क में हुआ व्यापक पैमाने पर भ्रष्टाचार**



**नईगढ़ी, स्वतंत्रमत।** नईगढ़ी जनपद की ग्राम पंचायत मौहरिया में पीसीसी सड़क निर्माण को लेकर हुई गंभीर शिकायत के बाद जांच में बड़ा खुलासा हुआ है। ग्राम पंचायत द्वारा राज्य वित्त आयोग मद से स्वीकृत 24.95 लाख रुपये की लागत से बनाई जा रही 600 मीटर की सड़क में गंभीर अनियमितताएं पाई गईं।

दिनांक 20 जून 2025 को शिकायतकर्ता नरेंद्र सिंह सरपंच सचिव और ग्रामीण जनों की उपस्थिति में किए गए निरीक्षण में पाया गया कि श्यामलाल साकेत के घर से हरीशचंद्र गुप्ता (प्रधानमंत्री सड़क) तक बनी 360 मीटर पीसीसी सड़क में से लगभग 330 मीटर हिस्से में वर्टिकल केक निर्माण दोष है, जिससे यह स्पष्ट हुआ कि निर्माण में घटिया और अमानक सामग्री का उपयोग किया गया है। उपयंत्री द्वारा पूर्व में 5 मई 2025 को ही पंचायत को घटिया सामग्री हटाने और गुणवत्ता युक्त निर्माण सामग्री प्रयोग करने हेतु पत्र जारी किया गया था, लेकिन उसका पालन नहीं हुआ। इसके अतिरिक्त निर्माणाधीन 30 मीटर हिस्से में प्राक्कलन के विरुद्ध बालू की जगह डस्ट का प्रयोग पाया गया।

जांच रिपोर्ट में अधिकारियों ने पंचायत को 7 दिनों का अंतिम मौका दिया है। यदि एक सप्ताह में सुधार नहीं किया गया तो वर्तमान सरपंच सीताराम पटेल और सचिव सुदर्शन साकेत से 15 लाख रुपये की वसूली की जाएगी। साथ ही प्रधानमंत्री सड़क के पास प्रस्तावित पुलिया निर्माण भी नहीं किया गया, जबकि इसके लिए 1.68 लाख की राशि आहरित की जा चुकी है। यह राशि तत्कालीन सरपंच सुग्गा सिंह और सचिव दिलीप पटेल से बराबर-बराबर वसूलने का प्रस्ताव रखा गया है। अब बड़ा सवाल यह उठ रहा है कि जब जांच में भ्रष्टाचार स्पष्ट रूप से सिद्ध हो चुका है, तो फिर अब तक दोषियों पर सख्त कार्रवाई क्यों नहीं हुई? क्या ये जनप्रतिनिधि किसी रसूखदार के संरक्षण में हैं?

मऊगंज जिले में प्रशासनिक सुस्ती और बेलगाम भ्रष्टाचार अब जनचेतना का विषय बनता जा रहा है। यदि 7 दिन में सुधार नहीं हुआ, तो वसूली के साथ सख्त कार्रवाई की तैयारी का संकेत अधिकारियों ने दे दिया है। वहीं पूरे मामले पर शिकायतकर्ता नरेंद्र सिंह का कहना है कि स्टाम्प डैंप,नाली निर्माण,रैन वाटर हार्वेस्टिंग, नदेव टांका ,पंचायत भवन मरम्मत जैसे कार्य में व्यापक पैमाने पर भ्रष्टाचार हुआ है इसकी जांच होनी चाहिए।

## जमीनी विवाद में तलवार लहराई

### भमरा गांव में शासकीय जमीन को लेकर दो पक्षों में भिड़ंत, दो पर एफआईआर

**रीवा।** रीवा के सेमरिया तहसील स्थित भमरा गांव में शासकीय जमीन पर कब्जे को लेकर बुधवार को दो पक्षों में विवाद हो गया। एक पक्ष के लोग तलवार लेकर पहुंचे और जमकर हंगामा किया। जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

**जमीन की जुताई करने पर विवाद, तलवार लहराई :** घटना में आदिवासी परिवार को बेदखल करने के लिए गांव के दबंगों द्वारा धमकाने का आरोप है। विवाद उस समय शुरू हुआ जब एक पक्ष ट्रैक्टर लेकर जमीन की जुताई करने पहुंचा और दूसरा पक्ष तलवार लेकर वहां आ गया। पीड़ितों की शिकायत पर एडिशनल एसपी विवेक लाल के निर्देश पर थाना प्रभारी विकास कपीस ने शंकर मिश्रा और मन्नू पांडेय के खिलाफ नामजद एफआईआर दर्ज की है। दोनों पक्ष एक-दूसरे के वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर रहे हैं।

**दो लोगों पर केस :** थाना प्रभारी विकास कपीस ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

## आजीविका मिशन स्व सहायता समूह ने किया पौधरोपण



**रीवा, स्वतंत्रमत।** रीवा जिला अंतर्गत ग्राम पंचायत फूल में साधना पांडे और प्रीति पांडे के नेतृत्व में आजीविका मिशन स्व सहायता समूह की महिलाओं को नारी सशक्तिकरण हेतु बैठक की गई। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में मनगवां एसडीओपी प्रतिभा शर्मा रही। जहा पर बैठक के दौरान मुख्य अतिथि ने महिलाओं को साइबर अपराध एवं आत्म रक्षा व सशक्तीकरण की जानकारी दी की हम किस तरह से अपनी सुरक्षा कर सकते है कोई साइबर अपराध संबंधी फोन आये तो डरे नही उसकी तत्काल सम्बंधित अधिकारियों को जानकारी है जागरूकता ही हमारी बचाव है।

उन्होंने कहा कि सभी बेटी बेटा को बराबर का दर्जा दे और उन्हें पढ़ाये लिखाये, आज बेटियां हर क्षेत्र में अपनी पहचान बनांकर कदम से कदम मिला कर चल रही है इसलिए बेटियों को जरूर पढ़ाये और खुद शिक्षा के प्रति जागरूक हो। इस अवसर पर गोवर्धनम फाउंडेशन के द्वारा वृक्षारोपण का कार्यक्रम रखा गया जिसमें संपूर्ण रूप से महिलाओं ने भाग लिया और वृक्षारोपण हेतु दूसरे को भी जागरुक करने की शपथ ली। जहा पर मुख्य रूप से गोवर्धनम फाउंडेशन के प्रभारी अतुल पांडेय, RSETI के डायरेक्ट पुनीत चतुर्वेदी, प्रियंका पाण्डेय, अखिलेश मिश्रा, ममता कुशवाहा,गीता शर्मा, सुपलीन साकेत, कान्हा दुबे, रवेंद्र पटेल एवं अन्य साथी उपस्थित रहे।

## 341 सिलेंडर से भरा ट्रक सड़क में धंसा

**15 घंटे बाद भी नहीं पहुंचा पुलिस-प्रशासन, स्थानीय लोग कर रहे निगरानी**



**रीवा, स्वतंत्रमत।** स्थानीय लोगों और चालक ने कई बार प्रशासन को सूचना दी, लेकिन कोई राहत नहीं मिली। बारिश के बाद रीवा जिले में सड़कों की हालत खराब हो गई है। बुधवार को ललपा इलाके में निर्माणाधीन सड़क धंसने से सिलेंडर से भरा एक ट्रक जमीन में धंस गया। ट्रक में 341 भरे हुए रसोई सिलेंडर लोड थे। घटना के 15 घंटे बाद भी प्रशासन की कोई मदद नहीं पहुंची थी, जिससे आसपास के लोगों में दहशत का माहौल बन गया। बताया गया कि ट्रक सतना से सीधी जा रहा था। ललपा में निर्माणाधीन सड़क पर कोई चेतावनी बोर्ड या संकेतक नहीं लगाया गया था। स्थानीय लोगों का कहना है कि कंपनी की लापरवाही से यह स्थिति बनी।

**सामने गाय आई, बचाने के लिए ट्रक किनारे किया :** ट्रक चालक अवधेश यादव ने बताया, मैं रात में ट्रक लेकर गुजर रहा था, तभी सामने गाय आ गई। उसे ब, लेकिन सड़क समतल दिखने के बावजूद नीचे से धंसी हुई थी। ट्रक के पहिए जमीन में समा गए। ट्रक भारी था, इसलिए और भी धंस गया। उन्होंने कहा कि ट्रक में लोड सिलेंडरों की वजह से बड़ा हादसा हो सकता था।

**स्थानीय लोग कर रहे निगरानी :** स्थानीय निवासी ऋतुराज वासुदेव ने बताया कि ट्रक रिहायशी इलाके के पास फंसा है। अगर कुछ सिलेंडर भी फट जाते तो महिलाओं और बच्चों की जान पर बन आती। लोग निगरानी कर रहे हैं क्योंकि कुछ असामाजिक तत्व ट्रक के पास बीड़ी फेंक चुके हैं। हादसे का खतरा लगातार बना हुआ है।

**प्रशासन नहीं पहुंचा, लोग नाराज :** घटना के 15 घंटे बीतने के बाद भी न तो कोई अधिकारी मौके पर पहुंचा और न ही ट्रक बाहर निकाला गया है। स्थानीय लोगों और चालक ने कई बार प्रशासन को सूचना दी, लेकिन कोई राहत नहीं मिली।

**आयुक्त ने दिए जांच के निर्देश :** मामले की जानकारी मिलने पर कमिश्नर सौरभ सोनवड़े ने जांच के निर्देश दिए हैं। उन्होंने जिले में बारिश के चलते खराब हुई सड़कों की मरम्मत के लिए कार्रवाई करने की बात भी कही है।

## किसानी गांव को खत्म करना चाहती है भाजपा सरकार : डॉ. सुनीलम

**देश में सरकार अबेर सहित एक गांव भी नहीं बना सकी आदर्श, सांसद का गोद लिया गांव अबेर आज भी विकास से कोसों दूर**



**रीवा स्वतंत्रमत।** सतना जिले के ग्राम अबेर में किसान संघर्ष समिति द्वारा किसान पंचायत का आयोजन मंगलवार को किया गया। जहां पर मुख्य अतिथि के रूप में किसान संघर्ष समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व विधायक डॉ. सुनीलम उपस्थित रहे। जिसकी अध्यक्षता सरपंच प्रतिनिधि समयलाल सिंह ने किया। किसान पंचायत को किसान संघर्ष समिति के राष्ट्रीय प्रवक्ता एड. शिव सिंह, कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह शंखू, विंध्य क्षेत्र के संयोजक एड. पुष्पेन्द्र सिंह, प्रदेश सचिव संतकुमार पटेल एवं शत्रुघन यादव एवं पूर्व जनपद उपाध्यक्ष सत्यभान सिंह ने संबोधित किया। मंच का संचालन किसान संघर्ष समिति सतना के अध्यक्ष नंदलाल सिंह ने किया। किसान पंचायत को संबोधित करते हुए डॉ. सुनीलम ने कहा कि केंद्र सरकार ने 2014 से सांसद आदर्श ग्राम योजना (स्त्रङ्ग) शुरू की थी। लेकिन देश में सरकार अबेर सहित एक गांव भी आदर्श नहीं बना सकी। सांसद निधि के तौर पर पांच करोड़ रुपए हर सांसद को दिया जाता है बेरोजगारी मुक्त, नशा मुक्त, महिला हिंसा मुक्त, भेदभाव रहित आत्मनिर्भर गांव नहीं बना पाना सरकार की भारी विफलता को दर्शाता है। डॉ. सुनीलम ने कहा कि पार्टी और सरकारें बदलती है मुख्यमंत्री विधायक सांसद बदलते है लेकिन किसानों के साथ हो रहा है भेदभाव खत्म नहीं होता सरकार किसान किसानी गांव को खत्म करना चाहती है किसानों से अपील की है। कि वे अपना मजबूत किसान संगठन बनाकर राष्ट्रीय संसाधनों में अपनी आबादी के अनुपात में बजट आवंटन हासिल करें किसानों ने पार्टीयों और सरकारों से उम्मीद करते हुए 76 वर्ष बर्बाद कर दिये है। आज संविधान की प्रस्तावना से समाजवाद एवं धर्मनिरपेक्षता शब्द हटाए जाने की मुहिम चल रही है। उदाहरण के तौर पर बताना चाहता हूं आज 80 करोड लोगों के पास जितनी संपत्ति है उतनी देश के 100 सरकार के क्रीम लोगों के पास है सोचिए जब समाजवाद शब्द हट जाएगा तब क्या होगा।

राष्ट्रीय प्रवक्ता एड. शिव सिंह ने कहा कि सांसद का गोद लिया गांव अबेर आज भी विकास से कोसों दूर है वह गांव आज भी गोद में ही खेल रहा है। अबेर साढ़े सात हजार की आबादी वाला गांव है जहां मानव से लेकर पशु चिकित्सक तक नहीं है। अन्य वक्ताओं में कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह प्रदेश सचिव संतकुमार पटेल एवं शत्रुघन यादव ने एमएसपी की गारंटी का कानून बनाने कर्जा मुक्ति महंगाई बेरोजगारी आदि सवालों पर सरकार को घेरने का काम किया तथा आगामी 9 जुलाई को देशभर में आयोजित ट्रेड यूनियंस की हड़ताल का बड़े स्तर पर समर्थन एवं सफल बनाने का ऐलान किया है। किसान पंचायत में प्रमुख रूप से किसान गोकुल सिंह, द्वारिका सिंह, सुरेंद्र सिंह, जयमंगल सिंह, शिवनारायण सिंह, महेंद्र सिंह आदि सहित सैकड़ो की संख्या में किसान साथी उपस्थित रहे।

## अतरैला में एक्सीलेंस एकेडमी स्कूल का हुआ शुभारंभ

**शिक्षा ऐसी हो जिसमें संस्कार मिले : सर्जेश पांडेय**




**अतरैला स्वतंत्रमत।** सिरमौर विधानसभा क्षेत्र के अतरैला बाजार में एक्सीलेंस एकेडमी स्कूल का उद्घाटन/शुभारंभ श्री हनुमान कथा समिति के संस्थापक भाजपा नेता सर्जेश पांडेय नें किया। जहा पर मां सरस्वती और वास्तु का वैदिक विधि विधान से पूजन कर औपचारिक उद्घाटन फीता काट कर मुख्य अतिथि श्री पांडेय ने किया।

इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता सरपंच अतरैला रामभुवन पांडेय नें की। विशिष्ट अतिथि भाजपा मंडल मंत्री अनिल कुमार गुप्ता मस्ताना, शिवकुमार द्विवेदी,कृष्ण कुमार गौतम, उमाकांत द्विवेदी रहे। मुख्य अतिथि और अतिथियों का स्वागत पुष्प और तिलक से विद्यालय संचालक और सहयोगियों ने किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि पांडेय ने कहा कि शिक्षा संस्कार की जननी है। शिक्षा ऐसी हो जिसमें संस्कार मिले ।हमारा आपका पहला कर्तव्य है कि आनें वाली पीढ़ी को शिक्षित बनायें जो संस्कारित हों। नव जवानों का इस दिशा में काम करना सुखद है। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से संचालक विकास कुमार द्विवेदी, बृजभूषण गौतम, पुष्पराज द्विवेदी, प्रिंस द्विवेदी, पीयूष द्विवेदी, जागेंद्र प्रसाद द्विवेदी, रामविलास तिवारी, कृष्णकुमार पयासी,रचित तिवारी, सुरेश द्विवेदी, बबलू गौतम, मनीष पांडेय, छोटेलाल यादव इंद्रकुमार द्विवेदी सहित क्षेत्रीय गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# नगरपालिका सिवनी का अजीबो गरीब कारनामा

# रसीद 5 रुपये की वसूली रुपये 20 की




**सिवनी (स्वतंत्रमत)।** नगर पालिका के द्वारा बाजार नीलामी की गई ठेकेदारों ने नीलामी में बाजार ली जिसका एक निर्धारित शुल्क दुकानदारों से लेने के लिए आवंटन किया गया।

लेकिन इन दिनों नगर पालिका सिवनी के ठेकेदारों के द्वारा हाथ ठेला व्यापारियों से अत्यधिक शुल्क वसूला जा रहा है सूत्रों की माने तो इन ठेकेदार के कर्मचारियों के द्वारा 5 की रसीद काटकर दी जाती है और बदले में प्रत्येक दुकानदार से 20 लिया जाता है।

प्रश्न यह उठता है कि आखिर रसीद 5 की और दुकानदारों से 20 लेना कितना उचित है इसकी जानकारी ठेकेदार को है या नहीं इसकी जानकारी नगर पालिका के आल्हा अधिकारियों को है या नहीं यह हमें नहीं मालूम लेकिन दुकानदार के द्वारा अत्यधिक शुल्क वसूली की जाना यह गलत है यदि नगर पालिका के द्वारा प्रत्येक दुकानदार से 20 का शुल्क लिया जाना है तो रसीद भी 20 की देनी चाहिए यहां संबंधित अधिकारियों को इस पर कार्रवाई करना चाहिए।

### इनका कहना है

जिला चिकित्सालय के सामने हाथ ठेला व्यवसाय करने वाले मुकेश सेन ने बताया कि प्रतिदिन नगर पालिका शिवनी के ठेकेदारों के द्वारा रुपए 5 की रसीद काट के दी जाती है और बदले में 20 ठेकेदार के कर्मचारियों के द्वारा हमसे लिया जाता है।

**मुकेश सेन हाथ ठेला संचालक, सिवनी**

आपके द्वारा मामला संज्ञान में लाया गया है नियम अनुसार कार्यवाही की जाएगी।

**सीएमओ विशाल मर्सकोले नगर पालिका सिवनी**

### उन्नत बीज की मिनी किट का जनजातीय परिवारों को किया गया वितरण

**सिवनी (स्वतंत्रमत)।** धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान अंतर्गत कृषि विभाग द्वारा मंगलवार 01 जुलाई को कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन की उपस्थिति में घंसौर के 20 जनजातीय हितग्राहियों को उन्नत बीजों की मिनी किट का वितरण किया गया। इस अवसर पर अन्य जनप्रतिनधियों एवं अधिकारियों की उपस्थिति रही।

### जिले में 194.2 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई

**सिवनी (स्वतंत्रमत)।** भू-अभिलेख कार्यालय सिवनी से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले में 1 जून से 01 जुलाई 25 तक 194.2 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की जा चुकी है।

विकासखंडवार वर्षा की प्राप्त जानकारी के अनुसार 01 जून से 01 जुलाई तक विकासखंड सिवनी में 176.4 मि.मी, कुरई में 54.0 मि.मी., बरघाट में 97.0 मि.मी., केवलारी में 238.4 मि.मी., छपारा 170.0 मि.मी, लखनादौन में 236.3 मिमी, धनौरा में 204.0 मिमी एवं घंसौर में 377.0 मिमी. वर्षा, इस प्रकार कुल 1553.8 मि.मी. वर्षा रिकार्ड की गई है।

# सरपंच ने कलेक्टर और विधायक की जनसुनवाई में की शिक्षकों की मांग



**छपारा (स्वतंत्रमत)।** शिक्षकों की अनुपलब्धता छात्रों को संपूर्ण शिक्षक प्राप्त करने में एक बड़ी बाधा है शिक्षक छात्रों को ज्ञान प्रदान करते उनकी समझ विकसित करने और उनके कौशल को निखारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं शिक्षकों के अभाव में छात्रों को कई चुनौतियों का सामना करना पड़ता है । स्कूल में शिक्षकों की कमी के चलते जनपद पंचायत छपारा के अंतर्गत ग्राम पंचायत लकवह के सरपंच सुखमान मरकाम ने मंगलवार को जनसुनवाई में जिला कलेक्टर सिवनी विधानसभा क्षेत्र के विधायक दिनेश राय मुनमुन को उच्चतर माध्यमिक विद्यालय और हाई स्कूल मे शिक्षकों के रिक्त पदों पर नियुक्ति करने आवेदन दिया है। ग्राम पंचायत के सरपंच को पंचायत भवन में प्रबंधन समिति और पालक संघ समिति की बैठक में ज्ञापन दिया था स्कूलों में शिक्षकों की व्यवस्था कराये तब सरपंच ने पालक शिक्षक संघ और प्रबंधन समिति को आश्वासन दिया कि मैं जिला कलेक्टर और विधायक महोदय से टीचरों की रिक्त पदों पर नियुक्ति के लिए मांग करूंगा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लकवह में एक टीचर छठवीं सातवीं आठवीं कक्षा के छात्राओं को अध्ययन करते हैं इसी तरह प्राथमिक शाला निवारी में दो टीचर है दोनों बरघाट से आना जाना करते हैं आधा समय आने-जाने में लग जाता है ऐसी स्थिति में बच्चों को क्या शिक्षा देते होंगे एक बड़ा प्रश्न है।

# अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद राष्ट्रीय बजरंग दल की मासिक बैठक



**सिवनी (स्वतंत्रमत)।** सिवनी जिले के बिंझावाड़ा में मां चौंसठ योगिनी मंदिर में राष्ट्रीय बजरंग दल के प्रांत कार्यकारी अध्यक्ष स्वराज सिंह बघेल का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ जिसमें स्वराज बघेल ने राष्ट्रीय नेतृत्व के द्वारा आगामी कार्यक्रम की रूपरेखा हनुमान चालीसा केंद्र एवं अन्य आयामों के माध्यम से पदाधिकारीयो को अवगत कराया साथ ही स्थापना दिवस भी बनाया गया जिसमें आम , नीम , जामुन के फलदार वृक्ष का पौधारोपण किया गया। राष्ट्रीय बजरंग दल महाकौशल प्रांत कार्यकारी अध्यक्ष स्वराज सिंह बघेल , जिला अध्यक्ष गोलू ऊईके राष्ट्रीय बजरंग दल कार्यकारी अध्यक्ष कपिल अवधिया, संगठन मंत्री गौरी शंकर भलावी एचपी जिला महामंत्री नेतराम सनोडीया , राष्ट्रीय बजरंग दल जिला महामंत्री राजेश बघेल,ओमप्रकाश नगपुरे, राकेश बघेल, सुभम बघेल ,प्रशांत बिट्टू भारद्वाज , शिवम् सिंहराहा, जयकुमार तिवारी, अरविंद सनोडीयां, रामकुमार सनोडीया , प्रकाश बोरकर , भानु प्रताप सिंह ठाकुर सहित अन्य स्वयंसेवक सम्मलित हुए

# शिक्षा विभाग के नियमों की धज्जियां उड़ा रहे प्राइवेट स्कूल के संचालक




**सिवनी (स्वतंत्रमत)।** सिवनी जिले के लखनादौन जनपद शिक्षा केंद्र के अंतर्गत ग्राम धूमा की है जहां एक प्राइवेट नर्मदा किड्स इंग्लिश स्कूल नियमों के विपरीत संचालित था जिसकी शिकायत ना केवल बीआरसी कार्यालय लखनादौन बल्कि ज़िला शिक्षा अधिकारी कार्यालय के साथ- साथ मुख्यमंत्री कार्यालय तक की गई वहीं जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय से जांच कराने पर शिकायत सहीं पाई गई और स्कूल की मान्यता समाप्त करने का आदेश पारित कर दिया गया। इसके बावजूद नर्मदा किड्स इंग्लिश स्कूल के संचालक जिला सिवनी कार्यालय के आदेश को अनदेखा कर ना तो छात्रों की टीसी अभिभावको दी गई बल्कि जिला कार्यालय के आदेश को धत्ता बताकर नये एडमिशन किये जा रहे हैं। जिससे स्पष्ट है कि विभाग के अधिकारीयों की उदासीनता और मिली भगत कितने चरम पर है। जिम्मेदार अधिकारियों से जब बात की गई तो जनपद शिक्षा केंद्र लखनादौन के बीआरसी ने स्पष्ट कर दिया कि पूरा मामला डीसीपी साहब सिवनी के अंडर में है। हमारे स्तर पर अब नहीं है। वही जिम्मेदार अधिकारी डीपीसी सिवनी महेश बघेल जी मामले में लखनादौन बीआरसी से पूछकर जानकारी बताने की बात कर रहे हैं। अब दो बड़े अधिकारी एक जनपद स्तर के और एक जिला स्तर के दोनों एक दूसरे पर बात डालकर मामले को उलझा रहे हैं। यूं कहे की गोलमाल है भाई सब गोलमाल है। विभागीय कार्यों में लापरवाही और उदासीनता के चलते लखनादौन बीआरसी श्रीराम पटले को पूर्व में नोटिस तक जारी हो चुके हैं। लेकिन फर्क पड़ता नहीं है। और शायद यही कारण है कि इन अधिकारियों की वजह से शिक्षा का उद्देश्य ज्ञान परोसना नहीं बल्कि पैसा कमाना बन गया है। जबकि शिकायतकर्ताओ ने जिला प्रशासन को बार-बार आगाह किया हैं। और पूरे मामले पर जिले की संवेदनशील और कार्य के प्रति सजक कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन ने डीपीसी सिवनी महेश बघेल को मामले पर गम्भीरता से कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं।

यदि किसी प्राइवेट स्कूल की मान्यता समाप्त कर दी जाती है।और मामला यदि अपील में है तो क्या स्कूल प्रबंधन को यह हक है कि वह अपीली निराकरण के पहले स्कूल का संचालन और एडमिशन करें।

परन्तु जिम्मेदार अधिकारियों की मिली भगत से ही स्कूल प्रबंधन छात्र-छात्राओं के नये एडमिशन कर रहा है। तो शायद जनपद शिक्षा केंद्र लखनादौन के बीआरसी श्रीराम पटले का ही सहयोग व संरक्षण हो सकता है। और यदि ऐसा नहीं है। तो फिर बीआरसी आखिर क्या कर रहे हैं। यदि किसी कार्यालय से प्राइवेट स्कूल की मान्यता रद्द कर दी गई है तो फिर नए एडमिशन क्यों लिए जा रहे हैं।

**ऐसे में जिम्मेदार अधिकारियों का गोल-मोल जवाब जो इस प्रकार है..**

अरे भैया उसने क्या किया है बताएं... वह कलेक्टर के यहां अपील में चले गए हैं... कलेक्टर के यहां सुनवाई है अभी.. उनके पास ऑप्शन रहता है यदि कलेक्टर के यहां मान्यता अमान्य होती है तो टोटल खत्म कर दी जाएगी । डीपीसी सर के साथ हमने स्कूल का भ्रमण और जांच कर चुके हैं। फाइनल मान्यता रद्द नहीं हुई है मान्यता अमान्य और खत्म में अंतर है। वहीं डीपीसी सर के अंडर में पूरा मामला है हमारे स्तर पर नहीं है।

**श्रीराम पटले बीआरसी लखनादौन**

मैं बीआरसी लखनादौन से पूछता हूं कि क्या कैसी स्थिति है। फिर बताता हूं।

**महेश बघेल डीपीसी सिवनी**

# आचार्य विद्या सागर महाराज का 58वां मुनि दीक्षा दिवस धूमधाम से मनाया गया

**सिवनी (स्वतंत्रमत)।** आचार्य श्री विद्यासागर जी के ऐसे कई शिष्य है जिन्होंने एमएससी, एमटेक, डॉ.की डिग्री ,विदेश की सर्विस छोड़कर दीक्षा ली है, आचार्य श्री के पास नैनागिर मे मैं प्रवचन सुनने नाग नागिन आते थे,



सिवनी श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर मे महासमाधिधारपरम पूज्य आचार्य श्री विद्यासागर जी महामुनिराज द्वारा दीक्षित परम पूज्य आचार्य श्री समयसागर जी महामुनिराज के आज्ञानुवर्ती शिष्य परम पूज्य मुनिश्री धर्मसागर जी महाराज एवं परम पूज्य मुनि श्री भावसागर जी महाराज के सानिध्य में 30 जून को प्रातः काल की बेला में समाधिस्थ परम पूज्य आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज का 58वाँ मुनि दीक्षा दिवस धूम धाम से मनाया गया।

आचार्य श्री की महापूजन 58 द्रव्य से की गई ,58शास्त्र अर्पण किए गए ,आचार्य श्री के चरण चिन्ह का अभिषेक किया गया ,पाद प्रक्षालन किया गया,वृक्षारोपण, गरीबों को भोजन,औषधि,वस्त्र दान, किया गया ।इस अवसर पर धर्म सभा को सम्बोधित करते हुए मुनि श्री भाव सागर जी महाराज ने कहा कि विदेशी लोगो ने आचार्य श्री की मूकमाटी पढ़ने के बाद मांसाहार,शराब का त्याग किया था , आचार्य श्री शब्दों के जादूगर थे , अनुशासन की जीवन्त मूर्ति थे ,आचार्य श्री के पास नैनागिर मैं प्रवचन सुनने नाग नागिन आते थे,और पंचकल्याणक में पानी की कमी हुई तो उनके आशीर्वाद से जल स्रोत मिला जो पंचकल्याणक के बाद बंद हो गया था, उनके दर्शन करके देश के राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, राज्यपाल ,मुख्यमंत्री ,सुप्रीम कोर्ट के जज, हाईकोर्ट के जज ,विचारक, साहित्यकार, शिक्षाविद, कानूनविद ,उद्योगपति ,प्रमुख संत ,विश्वविद्यालय कुलपति आए, गुरु ही शिष्य के बुझे हुए दीप को प्रज्वलित कर सकते हैं,वह अंदर परमात्मा बनने की प्यास जगाते हैं, वह मोक्ष का ताला खोलना सिखाते हैं,गुरु कृपा से अनेक प्रकार के विद्या मंत्र सिद्ध हो जाते हैं ,वह आदर्श के देवता होते है।

# सुदूर आदिवासी अंचल वाले घंसौर विकासखंड पहुंचकर कलेक्टर एवं एसपी ने की जनसुनवाई

**सिवनी (स्वतंत्रमत)।** जिलें के सुदूर आदिवासी अंचल वाले घंसौर विकासखंड के आवेदकों की समस्या को सुनने कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन एवं पुलिस अधीक्षक श्री सुनील कुमार मेहता मंगलवार 01 जुलाई को जनपद घंसौर में आयोजित हुईं विकासखण्डस्तरीय जनसुनवाई पहुँचे।



कलेक्टर सुश्री जैन एवं पुलिस अधीक्षक श्री मेहता की अध्यक्षता में आयोजित हुई जनसुनवाई में कुल 143 आवेदकों ने अपनी समस्या से वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया। कलेक्टर एवं एसपी ने प्रत्येक आवेदक को आत्मीयता से सुनकर नियमानुसार निराकरण के हर संभव आवेदन पर कलेक्टर सुश्री जैन एवं एसपी श्री मेहता ने सम्बंधित विभागीय अधिकारी को त्वरित आवश्यक कार्यवाही कर आवेदक की समस्या के निराकरण के निर्देश दिये।

कलेक्टर सुश्री जैन एवं पुलिस अधीक्षक श्री मेहता की अध्यक्षता में आयोजित जनसुनवाई में आधार केवाईसी पूर्ण न होने से राशन न मिलने की समस्या को लेकर पहुँचे आवेदकों की सुविधा के लिए मौके पर ही ई केवाईसी की व्यवस्था की गई। इसी तरह प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने के लिये पहुँचे आवेदिका दयावती, सोनिया, रोहणी, संतोषी, प्रभा और अन्य आवेदकों द्वारा प्रस्तुत आवेदनों पर कलेक्टर सुश्री जैन ने मौके पर ही आवास सर्वे सूची में आवेदकों की नाम होने या न होने की जांच कराई गई। आवेदकों का नाम सर्वे सूची में शामिल होना पाये जाने की जानकारी देने पर सभी आवेदक खुशी-खुशी अपने घर की ओर रवाना हुए।

कलेक्टर सुश्री जैन ने जनसुनवाई में आये रेलवे अप्रोच मार्ग के मरम्मत की क्षेत्रीय समस्या के लिए अनुविभागीय अधिकारी पीडब्ल्यूडी को जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिये। इसी तरह समूह नलजल योजना के निर्माण के दौरान किये गए गड्ढे से दुर्घटना की संभावना होने की समस्या के लिए जल निगम के अधिकारियों को तत्काल उक्त गड्ढे को भरने के निर्देश दिये गये।

भरण पोषण और पढ़ाई के लिए सहायता देने की गुहार लिए जनसुनवाई पहुँची आवेदिका आरती मरकाम को कलेक्टर सुश्री जैन की संवेदनशीलता के कारण तत्काल राहत मिली। जनजातीय कार्यविभाग द्वारा आरती मरकाम की कक्षा 10 वीं की स्कूल फीस और अध्ययन के दौरान आने वाले समस्त व्यय वहन करने की सहमति दी। इसके अतिरिक्त आवेदिका के ई केवाईसी लम्बित रहने से रुकी छात्रवृत्ति को भी त्वरिक्त रूप से जारी की जाने की कार्यवाही की गई। आवेदिका की 7 वीं कक्षा में अध्ययनरत छोटी बहन कीर्ति मरकाम को छात्रवास में प्रवेश देने की कार्यवाही की गई।

### जनसुनवाई में तत्काल बना आधार

सिवनी। कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन एवं पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार मेहता की अध्यक्षता में घंसौर विकासखंड में आयोजित जनसुनवाई में अपनी नातिन का आधार न होने जारी करने ही समस्या लेकर पहुँची ग्राम खैरीकला निवासी वृद्धा श्रीमती छोटीबाई यादव की समस्या का मौके पर निराकरण हुआ।



नातिन अनामिका यादव के माता- पिता उपलब्ध न हो जाने से आवेदिका छोटीबाई ही अनामिका का लालन-पालन कर रही है। इस दौरान अभिभावक न होने से अनामिका का आधार नही बन पा रहा था। जिसके कारण स्कूल में प्रवेश एवं अन्य योजनाओं का लाभ लेने में समस्या आ रही थी। आवेदिका छोटीबाई द्वारा जनसुनवाई में अपनी समस्या से अवगत कराने पर कलेक्टर सुश्री जैन के निर्देश पर अनामिका का आधार जनसुनवाई में तत्काल बनाकर जारी किया गया।आवेदिका छोटीबाई प्रसन्नचित होकर जनसुनवाई से अपने घर की ओर लौटी।

### राजस्व न्यायालयों का कलेक्टर सुश्री जैन ने किया निरीक्षण



**सिवनी।** कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन ने अपने घंसौर प्रवास के दौरान अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय घंसौर पहुंचकर एसडीएम कोर्ट, तहसीलदार कोर्ट एवं नायब तहसीलदार राजस्व न्यायायल का निरीक्षण किया। उन्होंने प्रत्येक न्यायालय में लंबित प्रकरणों, दस्तावेज संधारण की स्थिति का अवलोकन कर आवश्यक दिशा-निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये। उन्होंने न्यायालय द्वारा जारी आदेशों का पालन कराने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये हैं। उन्होंने सीमांकन, अभिलेख दुरूस्तीकरण, अविवादित बटवारे जैसे सभी प्रकरणों का निराकरण करने के निर्देश सभी उपस्थित राजस्व अधिकारियों को दिये हैं। इस अवसर पर कलेक्टर सुश्री जैन ने एसडीएम कार्यालय परिसर में वृक्षारोपण भी किया।


जिले का एक मात्र 100 बिस्तर वाला अस्पताल आईएसओ सर्टिफाईड 9001:2008

जिंदल हॉस्पिटल डायग्नोस्टिक्स एंड रिसर्च सेंटर

**ब्लड बैंक सुविधा उपलब्ध.** सिवनी में पहली 1.5 टेस्ला एमआरआई ऑप्टिकल टेक्नोलॉजी यहाँ पर सभी ऑपरेशन और भर्ती मुफ्त में आयुष्मान योजना के तहत उपलब्ध कराई जाती है। आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए यह सुविधा केन्द्र शासन के दिशा निर्देश के तहत दी जा रही है।

**हमारी सुविधाएं:** एम.आर.आई.,सी.टी. स्केन,डायलिसिस,पैथोलॉजी (सभी प्रकार की जाँच सुविधा)ऑपरेशन सुविधा: हड्डी जोड़ने के लिये नैलिंग प्लेटिंग, रॉड एण्ड इम्प्लांट फिक्सेशन, बिना टांके के बच्चादानी ऑपरेशन, हिप्स और घुटने का रिप्लेसमेंट

दलसागर तालाब के पास भगत सिंह वार्ड सिवनी मो.- 6260196758

हमारी सुविधाएं

टी.एम.टी.,सोनोग्राफी, 2-ड इकोकार्डियोग्राफी,हड्डी के समस्त ऑपरेशन,महिला एवं प्रसूती,रोग जनरल फिजिशियन सर्जरी, आई.सी.यू.,एनआईसीयू,मॉड्यूलर, ओटीसी.टी.,स्केन,डायलिसिस, पैथोलॉजी सभी प्रकार की जाँच सुविधा)

जिले का एक मात्र सर्वसुविधायुक्त अस्पताल

बिसेन मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल

अब सिवनी में भी नागपुर जैसी सुविधा

24 घंटे आपकी सेवा में यहाँ पर सभी ऑपरेशन और भर्ती मुफ्त में आयुष्मान योजना के तहत उपलब्ध कराई जाती है। आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए यह सुविधा केन्द्र शासन के दिशा निर्देश के तहत दी जा रही है।

एस.पी. बंगला रोड, बारापत्थर सिवनी 6266248010, 9174594814

कॉलेज कोड पी 554

प्रवेश प्रारंभ

डी.पी.चतुर्वेदी महाविद्यालय सिवनी

बी.ए. | बी.एस.सी | एम.ए.

एस.एस.(गणित, भैतिक.रसायन)

बी.कॉम | एम.कॉम

डी.एड.(सभी ऑनलाईप्रक्रिया)

Major & Miner - (Each)
Open Elective Web Designing, Nursing & Hygiene, Public Administration, M.S. Office, Computer Fundamental, Multimedia, Animation

CONTACT-9424904765, 94799887990, 9407807850
9685863421, 8770294939, 9752264388, 9479467886